Adda247 GET IT ON Google Play

# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

## सी ई एन - 06/2025 - CEN - 06/2025

## एनटीपीसी (स्नातक स्तर) की भर्ती / Recruitment of NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 24/03/2026 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB NTPC GRADUATE CBT 1 |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC GRADUATE CBT 1**

**Q.1** दुनिया भर में साइबर अपराध के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए किस शहर में पहले सार्वभौमिक कानूनी ढांचे पर 72 देशों द्वारा साइबर अपराध के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन पर हस्ताक्षर किए गए?

**Ans**
- ✗ A. वियना
- ✗ B. न्यूयॉर्क
- ✗ C. जिनेवा
- ✓ D. हनोई

**Q.2** नीचे दी गई तालिका में पौधों की ऊंचाई (cm में) और पौधों की संगत संख्या दर्शाई गई है। आंकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ऊंचाई (cm में) | 14 | 27 | 23 | 21 | 19 | 17 |
| पौधों की संख्या | 1 | 3 | 6 | 12 | 7 | 5 |

**Ans**
- ✓ A. 21 cm
- ✗ B. 27 cm
- ✗ C. 23 cm
- ✗ D. 24 cm

**Q.3** ठोसों में उनके सुसंकुलित कणों के कारण कौन-सा गुण विद्यमान होता है?

**Ans**
- ✓ A. दृढ़ता
- ✗ B. तरलता
- ✗ C. संपीड्यता
- ✗ D. पारदर्शिता

**Q.4** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन भारत में स्वयं सहायता समूहों (SHGs) की भूमिका का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

**Ans**
- ✗ A. वे सरकारी स्वामित्व वाले सहकारी बैंकों के रूप में कार्य करते हैं।
- ✗ B. वे भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय कार्यालयों के रूप में कार्य करते हैं।
- ✓ C. वे मितव्यय को प्रोत्साहित करते हैं और गरीब ग्रामीण महिलाओं को सूक्ष्म-ऋण सुविधाएं प्रदान करते हैं।
- ✗ D. वे किसानों को बड़े पैमाने पर औद्योगिक ऋण प्रदान करते हैं।

Adda247

# Test Prime

## ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

**1,00,000+** Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

**600+** Exam Covered

**25,000+** Previous Year Papers

**500%** Refund

IBPS

NABARD

ATTEMPT FREE MOCK NOW

**Q.5** इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन (I) और (II) हैं। आपको यह तय करना होता है कि क्या कथन में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। दोनों कथन पढ़ें और उचित उत्तर तय करें।
प्रश्न: अर्जुन, कुणाल, मोहित, प्रतीक और सौरव में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है। सबसे लंबा कौन है?
(I) मोहित की लंबाई अर्जुन और कुणाल से अधिक है लेकिन प्रतीक से कम है।
(II) सौरभ, मोहित से लंबा है लेकिन प्रतीक से छोटा है।

Ans
- ✗ A. कथन I में दी गई जानकारी ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है
- ✗ B. कथन I और II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
- ✓ C. प्रश्न का उत्तर देने के लिए कथन I और II दोनों एक साथ पर्याप्त हैं (केवल कथन I या केवल कथन II नहीं)
- ✗ D. कथन II में दी गई जानकारी ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है

**Q.6** 2023 तक की स्थिति के अनुसार, निम्नलिखित में से किस न्यूक्लियर पावर स्टेशन की क्षमता (मेगावाट विद्युत) सबसे अधिक है?

Ans
- ✓ A. कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र (Kudankulam Atomic Power Plant)
- ✗ B. नरोरा परमाणु ऊर्जा संयंत्र (Narora Atomic Power Plant)
- ✗ C. काकरापार परमाणु ऊर्जा संयंत्र (Kakrapar Atomic Power Plant)
- ✗ D. तारापुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र (Tarapur Atomic Power Plant)

**Q.7** कौन-सा नेता, महात्मा गांधी का करीबी सहयोगी था जिसने सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान मद्रास प्रेसीडेंसी में नमक सत्याग्रह (salt protest) किया था?

Ans
- ✗ A. सरदार वल्लभभाई पटेल
- ✓ B. सी. राजगोपालाचारी
- ✗ C. सरोजिनी नायडू
- ✗ D. के. कामराज

**Q.8** एक निश्चित कूट भाषा में,
M + K का अर्थ है कि 'M, K का भाई है',
M % K का अर्थ है कि 'M, K की माता है',
M $ K का अर्थ है कि 'M, K का पिता है', और
M - K का अर्थ है कि 'M, K की बहन है'।
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'W % A $ C + J' हो, तो C का W से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. भाई का पुत्र
- ✗ B. पुत्र
- ✗ C. भाई
- ✓ D. पुत्र का पुत्र

**Q.9** A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। G के दाएँ से गिनती करने पर G और F के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। E के दाएँ से गिनती करने पर D और E के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। F, E के ठीक दाएँ पड़ोस में बैठा है। A, B के ठीक दाएँ पड़ोस में बैठा है।
G के बाएँ से गिनती करने पर B और G के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✓ A. 2
- ✗ B. 1
- ✗ C. 4
- ✗ D. 3

**Q.10** यदि $(x+y):(y+z):(z+x)=6:7:8$ और $x + y + z = 14$ है, तो z का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 8
- ✓ B. 6
- ✗ C. 7
- ✗ D. 5

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

| Q.11 | दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए, निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह प्रश्न-चिह्न "?" को प्रतिस्थापित करेगा?<br>YIV 11, VGU 15, SET 19, PCS 23, ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. MYN 25<br>✓ B. MAR 27<br>✗ C. NAQ 29<br>✗ D. MZP 27 |

| Q.12 | अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एक समान हैं तथा इस प्रकार एक ग्रुप का निर्माण करते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br>(नोटः असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. RQ–PO<br>✗ B. ZY–XW<br>✓ C. LK–IK<br>✗ D. YX–WV |

| Q.13 | एक ठोस बेलन को उसके समतल पृष्ठों के समानांतर 5 सर्वसम टुकड़ों में काटा जाता है। सभी टुकड़ों का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल सभी टुकड़ों के समतल पृष्ठीय क्षेत्रफल के बराबर है। यदि काटे गए एक टुकड़ें का सम्पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल S वर्ग इकाई है, तो काटने के पहले बेलन का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल ______________ वर्ग इकाई था। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 5S<br>✗ B. 4S<br>✓ C. 3S<br>✗ D. 2S |

| Q.14 | दिनेश बिंदु A से पश्चिम दिशा में 46 km की दूरी तय करता है। फिर वह बाएं मुड़कर 25 km चलता है, फिर बाएं मुड़कर 35 km चलता है। इसके बाद वह फिर बाएं मुड़कर 67 km चलता है। अंत में वह दाएं मुड़कर 11 km चलता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. उत्तर की ओर 40 km<br>✗ B. उत्तर की ओर 42 km<br>✓ C. दक्षिण की ओर 42 km<br>✗ D. दक्षिण की ओर 40 km |

| Q.15 | 16 + 20 ÷ 4 - 2 × 4 का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 16<br>✓ B. 13<br>✗ C. 12<br>✗ D. 15 |

| Q.16 | कंप्यूटर के सभी कोरों (cores) में कुल प्रोसेसर यूटिलाइजेशन किस सेक्शन के अंतर्गत पाया जा सकता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. Settings<br>✗ B. Recycle Bin<br>✓ C. Task Manager<br>✗ D. My Computer |

Adda247

**Q.17** यदि संख्या 7814329 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

**Ans**
- ✗ A. एक
- ✗ B. तीन
- ✓ C. दो
- ✗ D. चार

**Q.18** अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन अक्षर-समूह किसी निश्चित तरीके से समान हैं और इसलिए एक ग्रुप बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✗ A. PLO
- ✗ B. LHK
- ✓ C. JFH
- ✗ D. NJM

**Q.19** प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान (PMJUGA) कब शुरू किया गया था?

**Ans**
- ✗ A. 2023
- ✓ B. 2024
- ✗ C. 2025
- ✗ D. 2022

**Q.20** साधारण ब्याज के अंतर्गत 25 वर्षों में कोई धनराशि किस वार्षिक ब्याज दर पर स्वयं की चार गुनी हो जाएगी?

**Ans**
- ✓ A. 12%
- ✗ B. 24%
- ✗ C. 14%
- ✗ D. 10%

**Q.21** a, b, c तीन धनात्मक पूर्णांक gcd (a, b) = 8, gcd (b, c) = 12, gcd (c, a) = 4 को संतुष्ट करते हैं और LCM (a, b, c) = 240 है, तो, a + b + c का न्यूनतम मान कितना है?

**Ans**
- ✗ A. 96
- ✓ B. 100
- ✗ C. 84
- ✗ D. 80

**Q.22** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (NCST) का गठन किस संवैधानिक संशोधन द्वारा किया गया था?

**Ans**
- ✗ A. 65वें संशोधन
- ✗ B. 102वें संशोधन
- ✓ C. 89वें संशोधन
- ✗ D. 97वें संशोधन

**Q.23** कंप्यूटर की कौन-सी विशेषता यह सुनिश्चित करती है कि समान इनपुट और अनुदेश हमेशा समान आउटपुट उत्पन्न करते हैं?

**Ans**
- ✓ A. संगतता (Consistency)
- ✗ B. गतिशीलता (Mobility)
- ✗ C. प्रसार (Expansion)
- ✗ D. लचीलापन (Flexibility)

Adda247

Q.24 अनुच्छेद 23 विशेषतः किसको प्रतिबंधित करता है?

Ans
- ✗ A. उपाधि प्रदान करना
- ✓ B. मानव तस्करी
- ✗ C. जोखिम वाले उद्योगों में बाल श्रमिक नियोजन
- ✗ D. सशस्त्र बलों में अनिवार्य सेवा

Q.25 एक निश्चित तर्क के अनुसार, 107 का संबंध 158 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 122 का संबंध 173 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 154 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/में से घटाना/के साथ गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करना अनुमत नहीं है)

Ans
- ✓ A. 205
- ✗ B. 198
- ✗ C. 213
- ✗ D. 218

Q.26 दिए गए अक्षर-संख्या समूहों में से कौन-सा निम्नलिखित श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?
HKS 13 NQY18 TWE 23 ZCK 28 ?

Ans
- ✗ A. KSR 38
- ✗ B. BSO 35
- ✗ C. LFT 36
- ✓ D. FIQ 33

Q.27 नागरिकों को डिजिटल माध्यम से सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजिटल इंडिया कार्यक्रम किस वर्ष में शुरू किया गया था?

Ans
- ✗ A. 2020
- ✗ B. 2017
- ✓ C. 2015
- ✗ D. 2019

Q.28 एक निश्चित कूट भाषा में, 'OMIT' को '4295' के रूप में और 'TIME' को '2458' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'E' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✗ A. 4
- ✓ B. 8
- ✗ C. 5
- ✗ D. 2

Q.29 हड़प्पा सभ्यता में गढ़ की ऊँचाई में किन कारकों का योगदान था?

Ans
- ✗ A. स्टोन के निर्माण का
- ✗ B. लकड़ी के स्तंभों का
- ✓ C. कच्ची ईंटों के चबूतरों का
- ✗ D. एडोब की दीवारों का

Q.30 दो उम्मीदवारों के बीच हुए चुनाव में, पंजीकृत मतदाताओं में से 80% ने अपना वोट डाला और डाले गए वोट में से 3% वोट अमान्य पाए गए। विजयी उम्मीदवार को वैध वोटों का 52% प्राप्त हुआ और उसने 291 वोटों के अंतर से चुनाव जीता। कितने मतदाता पंजीकृत थे?

Ans
- ✗ A. 9370
- ✗ B. 9378
- ✓ C. 9375
- ✗ D. 9373

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.31** एक निश्चित कूट भाषा में, 'COOK' को '8245' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'HOOK' को '5429' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'H' के लिए कूट क्या है?

**Ans**
- ✗ A. 5
- ✗ B. 4
- ✓ C. 9
- ✗ D. 8

**Q.32** दिसंबर 2025 में, किस संस्थान के वैज्ञानिकों ने जैव-संदीप्तिशील (bioluminescent) CRISPR प्रोटीन 'GlowCas9' बनाया है जो जीन एडिटिंग (gene editing) को ट्रैक कर सकता है?

**Ans**
- ✗ A. TIFR, मुंबई
- ✗ B. IISc, बैंगलोर
- ✓ C. बोस इंस्टीट्यूट, कोलकाता
- ✗ D. IIT, दिल्ली

**Q.33** दिए गए अक्षर, संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) W 5 $ D % 9 R Q 2 8 @ F # 6 P 3 V & L 4 K ^ U (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद एक संख्या भी है?

**Ans**
- ✗ A. एक भी नहीं
- ✗ B. एक
- ✗ C. तीन
- ✓ D. दो

**Q.34** एक वस्तु को उसके अंकित मूल्य के $\frac{3}{11}$ पर बेचने से, हितेश को 15% की हानि होती है। यदि वह इसे इसके अंकित मूल्य के 54% पर बेचता, तो लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 67.2%
- ✓ B. 68.3%
- ✗ C. 69.5%
- ✗ D. 67.4%

**Q.35** संविधान के उल्लंघन के कारण राष्ट्रपति पर महाभियोग का आरोप ____________ द्वारा लगाया जा सकता है।

**Ans**
- ✗ A. केवल राज्यसभा
- ✗ B. केवल लोकसभा अध्यक्ष
- ✓ C. संसद के किसी भी सदन
- ✗ D. केवल लोकसभा

**Q.36** चोल साम्राज्य का संस्थापक विजयालय, निम्नलिखित में से किस दक्षिण भारतीय शक्ति का सामंत था?

**Ans**
- ✗ A. वाकाटक
- ✓ B. पल्लव
- ✗ C. चालुक्य
- ✗ D. गंगा

**Q.37** जब वृक्क, ग्लूकोस को पुनः अवशोषित करने में सक्षम नहीं होते हैं, तो ग्लूकोस मूत्र के माध्यम से उत्सर्जित हो जाता है। इस स्थिति को _________ कहा जाता है।

**Ans**
- ✗ A. ल्यूपस नेफ्राइटिस (Lupus nephritis)
- ✓ B. ग्लाइकोसूरिया (Glycosuria)
- ✗ C. एसाइट (Ascites)
- ✗ D. सिस्टिनोसिस (Cystinosis)

Q.38 दो समरूप त्रिभुजों की दो संगत भुजाओं की लंबाइयों का अनुपात 16 : 14 है। इन दोनों त्रिभुजों के क्षेत्रफलों का अनुपात (उल्लिखित क्रम में) कितना होगा?

Ans
- ✔ A. 256 : 196
- ✘ B. 257 : 197
- ✘ C. 16 : 14
- ✘ D. $16\sqrt{16} : 14$

Q.39 निम्नलिखित में से किसने 'राजशेखरचरित्र' की रचना की, जो अवंती के राजा राजशेखर के युद्धों और प्रेम प्रसंगों से संबंधित एक प्रबंध है?

Ans
- ✘ A. कृष्णदेवराय (Krishnadevaraya)
- ✘ B. नचना सोमनाथ (Nachana Somanatha)
- ✔ C. मदय्यागरी मल्लाना (Madayagari Mallana)
- ✘ D. अल्लासानी पेद्दाना (Allasani Peddana)

Q.40 भारत में राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम की स्थापना _____ में हुई थी।

Ans
- ✘ A. 1975
- ✔ B. 1955
- ✘ C. 1982
- ✘ D. 1954

Q.41 संख्याओं 55, -30 और -25 के घनों का योगफल किसके बराबर है?

Ans
- ✔ A. 123750
- ✘ B. 123570
- ✘ C. 132570
- ✘ D. 132750

Q.42 पाँच विषयों में एक विद्यार्थी द्वारा प्राप्त अंक 72, 68, 74, 70 और 76 हैं। प्रति विषय विद्यार्थी के औसत अंक ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 72
- ✘ B. 70
- ✘ C. 75
- ✘ D. 74

Q.43 दिसंबर 2025 में UNEA-7 में, भारत द्वारा ऐसी किस पहल पर प्रकाश डाला गया है, जिसमें पर्यावरण संधारणीयता के लिए व्यक्तिगत और सामुदायिक कार्रवाई पर बल दिया गया है, जो SDG 12 (संवहनीय खपत और उत्पादन) और SDG13 (जलवायु कार्रवाई) में योगदान करती है?

Ans
- ✔ A. मिशन लाइफ (Mission LiFE)
- ✘ B. मेक इन इंडिया (Make in India)
- ✘ C. डिजिटल इंडिया (Digital India)
- ✘ D. स्वच्छ भारत अभियान (Swachh Bharat Abhiyan)

Q.44 J, K, L, R, S और T एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है।
R और S के बीच केवल तीन व्यक्ति रहते हैं, जहाँ R, S से नीचे रहता है। J किसी विषम क्रमांक वाले तल पर और R के ठीक ऊपर रहता है। L, K के नीचे वाले किसी एक तल पर और T के ऊपर वाले किसी एक तल पर रहता है। क्रमांक 4 वाले तल पर कौन रहता है?

Ans
- ✘ A. J
- ✔ B. L
- ✘ C. T
- ✘ D. R

**Q.45** समूह A में 12 सदस्य, समूह B में 55 सदस्य और समूह C में 89 सदस्य हैं। इन सभी समूहों के सदस्य एक रेस्टोरेंट में गए। समूह A, B और C के प्रत्येक सदस्य पर व्यय की गई औसत धनराशि क्रमशः ₹160, ₹109 और ₹181 है। प्रति सदस्य व्यय की गई समग्र औसत धनराशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 157
- ✓ B. 154
- ✗ C. 153
- ✗ D. 151

**Q.46** दिए गए समीकरणों को (x, y, z) के लिए हल कीजिए।

$x + y + z = 2$
$6x - 4y + 5z = 31$
$5x + 2y + 2z = 13$

Ans
- ✗ A. (3, −2, −1)
- ✓ B. (3, −2, 1)
- ✗ C. (3, 2, 1)
- ✗ D. (−3, −2, 1)

**Q.47** उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्म-समुच्चयों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

RUB : WSG
BQL : GOQ

Ans
- ✗ A. KDH : NZK
- ✓ B. LMV : QKA
- ✗ C. BCG : GYL
- ✗ D. MHV : OCX

**Q.48** 0.00200 में उपस्थित सार्थक अंकों की संख्या ________ है।

Ans
- ✓ A. 3
- ✗ B. 6
- ✗ C. 4
- ✗ D. 5

**Q.49** 2025 में, किस कार्यक्रम में रबीह अलामेद्दीन (Rabih Alameddine) और उमर अल अक्कड़ (Omar El Akkad) जैसे लेखकों को सर्वोच्च सम्मान से नवाजा गया?

Ans
- ✗ A. बुकर प्राइज़ (Booker Prize)
- ✗ B. कॉमनवेल्थ राइटर्स प्राइज़ (Commonwealth Writers' Prize)
- ✗ C. पुलित्जर प्राइज़ (Pulitzer Prize)
- ✓ D. नेशनल बुक अवार्ड्स (National Book Awards)

**Q.50** दो नल एक टंकी को क्रमशः 4 घंटे और 30 घंटे में भर सकते हैं। तीसरा नल उसे 30 घंटे में खाली कर सकता है। यदि सभी नल एक साथ खोले जाएं, तो खाली टंकी को एक चौथाई भरने में कितना समय (घंटों में) लगेगा?

Ans
- ✗ A. 2
- ✗ B. 3
- ✓ C. 1
- ✗ D. 4

Adda247

Q.51 एक त्रिभुज के कोणों का अनुपात 2 : 3 : 4 है। सबसे बड़ा कोण, कुल कोण माप का कितने प्रतिशत है? (निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित)

Ans
- ✗ A. 40%
- ✗ B. 42%
- ✓ C. 44%
- ✗ D. 46%

Q.52 एक टाइपिस्ट को 2 पृष्ठ टाइप करने में 40 मिनट लगते हैं। उसको 84 पृष्ठ टाइप करने में कितना समय (मिनटों में) लगेगा?

Ans
- ✗ A. 1670
- ✗ B. 1685
- ✗ C. 1690
- ✓ D. 1680

Q.53 एक निश्चित तर्क के अनुसार, 51 का संबंध 253 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 38 का संबंध 188 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 32 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/में से घटाना/के साथ गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करना अनुमत नहीं है)

Ans
- ✗ A. 154
- ✗ B. 156
- ✓ C. 158
- ✗ D. 152

Q.54 निम्नलिखित में से किसे भारतीय शास्त्रीय नृत्य में उनके योगदान के लिए पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

Ans
- ✗ A. शोवाना नारायण
- ✗ B. मल्लिका साराभाई
- ✓ C. बिरजू महाराज
- ✗ D. सोनल मानसिंह

Q.55 गुर्जर-प्रतिहार राजवंश के निम्नलिखित में से किस शासक को अरब आक्रमणों का प्रभावी रूप से प्रतिरोध करने का श्रेय दिया जाता है?

Ans
- ✓ A. नागभट्ट प्रथम
- ✗ B. मिहिर भोज
- ✗ C. यशोवर्मन प्रथम
- ✗ D. रामभद्र

Q.56 X, Y, Z, S, T और U एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है।
U क्रमांक 4 वाले तल पर रहता है। U और Z के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। U और Y के बीच केवल T रहता है। X, U के ठीक नीचे रहता है। क्रमांक 5 वाले तल पर कौन रहता है?

Ans
- ✗ A. X
- ✓ B. T
- ✗ C. S
- ✗ D. Y

**Q.57** निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : PZH :: MWE : %

**Ans**
- ✗ A. # = YPX % = WGO
- ✓ B. # = FPX % = WGO
- ✗ C. # = FPX % = WGP
- ✗ D. # = FPX % = WHO

**Q.58** गोविंद द्वारा चक्रवृद्धि ब्याज पर निवेश की गई कोई धनराशि 7 वर्षों में दोगुनी हो जाती है जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है। कितने वर्षों में वह धनराशि स्वयं की आठ गुनी हो जाएगी?

**Ans**
- ✗ A. 14
- ✗ B. 56
- ✓ C. 21
- ✗ D. 28

**Q.59** भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से कौन-से अनुच्छेद पंचायतों और नगरपालिकाओं के लेखापरीक्षा से संबंधित हैं?

**Ans**
- ✗ A. अनुच्छेद 243 M और अनुच्छेद 243 ZA
- ✗ B. अनुच्छेद 243 I और अनुच्छेद 243 Y
- ✗ C. अनुच्छेद 243 G और अनुच्छेद 243 ZB
- ✓ D. अनुच्छेद 243 J और अनुच्छेद 243 Z

**Q.60** अक्टूबर 2025 की समसामयिक चर्चा (current-affairs) के नोट्स में रेखांकित जीवनी "शिवम शुभम: द बायोग्राफी ऑफ अ कपल (Sivam Subham: The Biography of a Couple)", किस प्रसिद्ध दंपति के जीवन का वृत्तांत है?

**Ans**
- ✗ A. किशोर कुमार और रूमा गुहा ठाकुरता
- ✓ B. एम. एस. सुब्बुलक्ष्मी और टी. सदाशिवम
- ✗ C. रविशंकर और अन्नपूर्णा देवी
- ✗ D. लता मंगेशकर और हृदयनाथ मंगेशकर

**Q.61** उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उसके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 व 3 में तोड़ना और फिर 1 व 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(34, 1088, 16)
(21, 420, 10)

**Ans**
- ✗ A. (23, 513, 11)
- ✗ B. (4, 79, 9)
- ✗ C. (8, 279, 17)
- ✓ D. (28, 224, 4)

**Q.62** निम्नलिखित में से किसे काकोरी षड्यंत्र मामले (1925) में मृत्युदंड नहीं दिया गया था?

**Ans**
- ✗ A. रोशन सिंह
- ✗ B. राजेंद्र लाहिड़ी
- ✗ C. अशफ़ाक़ उल्लाह ख़ाँ
- ✓ D. शचीन्द्र नाथ बख्शी

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.63** निम्नलिखित में से किस अधिनियम के अंतर्गत यह प्रावधान किया गया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की एक अपनी विधानसभा होगी?

Ans
- ✗ A. दिल्ली प्रशासन अधिनियम, 1987
- ✗ B. केंद्र शासित प्रदेश अधिनियम, 1963
- ✗ C. दिल्ली शासन अधिनियम, 2001
- ✓ D. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम, 1991

**Q.64** दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

73 71 68 63 56 ?

Ans
- ✗ A. 44
- ✗ B. 46
- ✓ C. 45
- ✗ D. 43

**Q.65** एक द्विघात बहुपद f(x) को (x - 2) से भाग देने पर शेषफल 5 और (x - 4) से भाग देने पर शेषफल -3 प्राप्त होता है। यदि f(x) का रूप $ax^2 + bx + c$ है और अग्रग गुणांक 1 है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा सही द्विघात समीकरण f(x)=0 है?

Ans
- ✗ A. x2−8x+13=0
- ✗ B. x2−9x+20=0
- ✓ C. x2−10x+21=0
- ✗ D. x2−6x+11=0

**Q.66** यदि $x = 7^{\frac{2}{3}} - 7^{\frac{-2}{3}}$ है, तो $x^3 + 3x$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. $\frac{2500}{42}$
- ✓ B. $\frac{2400}{49}$
- ✗ C. $\frac{800}{49}$
- ✗ D. $\frac{790}{343}$

**Q.67** 1530 m लंबी एक वृत्ताकार रेस में, शाहरुख और आमिर एक ही बिंदु से एक ही दिशा में एक साथ दौड़ना शुरू करते हैं। शाहरुख एक चक्कर 85 सेकंड में पूरा करता है, जबकि आमिर 90 सेकंड में एक चक्कर पूरा करता है। ट्रैक की परिधि पर कितने अलग-अलग मिलन बिंदु हैं?

Ans
- ✗ A. 35
- ✗ B. 2
- ✗ C. 11
- ✓ D. 1

**Q.68** 5.5 cm परिधि और 2 mm मोटाई वाले कितने सिक्कों को पिघलाकर 14 cm × 11 cm × 8 cm विमा वाला एक घनाभ बनाया जा सकता है? (π = 22/7 का प्रयोग करें)

Ans
- ✓ A. 2560
- ✗ B. 2240
- ✗ C. 2370
- ✗ D. 2480

Q.69 चरमपंथी चरण के दौरान किसे 'पंजाब के शेर' के रूप में जाना जाता था?

Ans
- ✔ A. लाला लाजपत राय
- ✘ B. भगत सिंह
- ✘ C. राजगुरु
- ✘ D. बाल गंगाधर तिलक

Q.70 हड़प्पा नगर अपने ________ के लिए प्रसिद्ध था।

Ans
- ✘ A. अनियमित सड़क पैटर्न
- ✘ B. पत्थर के महलों
- ✔ C. नगर नियोजन के ग्रिड सिस्टम
- ✘ D. लकड़ी के घरों

Q.71 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : JOP :: YDE : %

Ans
- ✘ A. # = OTL % = TPZ
- ✘ B. # = TOU % = TZY
- ✘ C. # = OTT % = TTZ
- ✔ D. # = OTU % = TYZ

Q.72 निम्नलिखित में से कौन-सा प्रदूषक, अम्ल वर्षा के निर्माण से सबसे निकटता से जुड़ा हुआ है?

Ans
- ✘ A. अमोनिया
- ✘ B. ओजोन
- ✘ C. मीथेन
- ✔ D. सल्फर डाइऑक्साइड

Q.73 अंश सुबह अपने घर से एक निश्चित चाल से अपने स्कूल जाता है और दोपहर में, सुबह की चाल से 2 km/h धीमी चाल से वापस लौटता है। यदि अंश की स्कूल जाने और वापस लौटने की चाल का औसत 4.8 km/h है, तो सुबह और दोपहर में अंश की चाल (km/h में) का योग ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 9
- ✔ B. 10
- ✘ C. 11
- ✘ D. 8

Q.74 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

122 120 117 112 105 ?

Ans
- ✘ A. 93
- ✔ B. 94
- ✘ C. 95
- ✘ D. 92

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.75** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों। आपको यह निर्धारित करना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ बिस्तर, तकिए हैं।
सभी तकिए, तौलिए हैं।
सभी तौलिए, कुशन हैं।

निष्कर्ष:
(I) सभी कुशन, तकिए हैं।
(II) कुछ तौलिए, बिस्तर हैं।

**Ans**
✔ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
✘ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
✘ C. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं
✘ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

**Q.76** भारत में किस प्रकार के वन अपने वर्ष भर हरित वितान (canopy) के लिए जाने जाते हैं, क्योंकि यहाँ पत्तियों के झड़ने की कोई निश्चित अवधि नहीं होती है?

**Ans**
✘ A. मोंटेन पाइन वन (Montane pine forests)
✘ B. उष्णकटिबंधीय कंटक वन (Tropical thorn forests)
✔ C. उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन (Tropical evergreen forests)
✘ D. शुष्क पर्णपाती वन (Dry deciduous forests)

**Q.77** सात व्यक्ति B, C, D, O, P, Q और R एक गोल मेज के परित: मेज के केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D के दाईं ओर से गणना करने पर, D और C के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। R, D के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। B, Q के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। C और R दोनों का निकटतम पड़ोसी P है। O के बाईं ओर से गणना करने पर, O और P के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**
✘ A. दो
✔ B. तीन
✘ C. चार
✘ D. एक

**Q.78** शहरी क्षेत्रों में अनौपचारिक श्रमिकों को सहायता प्रदान करने के लिए भारत सरकार द्वारा कौन-सी पहल शुरू की गई है?

**Ans**
✘ A. पीएम-किसान (PM-KISAN)
✔ B. पीएम-स्वनिधि (PM-SVANidhi)
✘ C. जल शक्ति अभियान (Jal Shakti Abhiyan)
✘ D. पीएम उज्ज्वला योजना (PM Ujjwala Yojana)

**Q.79** एक समकोण त्रिभुज ABC में, ∠C=90°, ∠A=45°, और ∠A की आसन्न भुजा (भुजा AC) की लंबाई 7 इकाई है।
भुजा AB (कर्ण) की लंबाई ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✘ A. $14\sqrt{2}$ इकाई
✘ B. $7$ इकाई
✔ C. $7\sqrt{2}$ इकाई
✘ D. $14$ इकाई

**Q.80** काराकोरम पर्वत श्रृंखला में स्थित कौन-सा हिमनद, इस श्रृंखला का सबसे लंबा और ध्रुवीय क्षेत्रों के बाहर विश्व का दूसरा सबसे लंबा हिमनद है?

**Ans**
✘ A. बाल्तोरो हिमनद
✘ B. पिंडारी हिमनद
✔ C. सियाचिन हिमनद
✘ D. गंगोत्री हिमनद

Q.81 2026 में निम्नलिखित में से किस दिन विश्व आर्द्रभूमि (वेटलैंड्स) दिवस मनाया गया था, जिसकी थीम "आर्द्रभूमि और पारंपरिक ज्ञान: सांस्कृतिक विरासत का उत्सव (Wetlands and traditional knowledge: Celebrating cultural heritage)" था?

Ans
- ✗ A. 1 फरवरी
- ✓ B. 2 फरवरी
- ✗ C. 3 फरवरी
- ✗ D. 4 फरवरी

Q.82 एक दुकानदार किसी वस्तु का अंकित मूल्य उसके क्रय मूल्य से 136% अधिक निर्धारित करता है। 18% का लाभ प्राप्त करने के लिए अंकित मूल्य पर कितने प्रतिशत की छूट प्रदान की जानी चाहिए?

Ans
- ✗ A. 48%
- ✗ B. 51%
- ✓ C. 50%
- ✗ D. 47%

Q.83 एक सम बहुभुज के आंतरिक कोणों का योगफल 1620° है। बहुभुज के एक आंतरिक कोण और एक बाह्य कोण के माप के बीच का अंतर (डिग्री में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. $213\frac{2}{11}$
- ✗ B. $182\frac{5}{11}$
- ✗ C. $151\frac{3}{11}$
- ✓ D. $114\frac{6}{11}$

Q.84 विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम में ALT + F4 दबाने का क्या उद्देश्य है?

Ans
- ✗ A. सेलेक्ट किए गए टेक्स्ट को डिलीट करना
- ✗ B. फाइंड डायलॉग (Find dialog) ओपन करना
- ✗ C. टैब (tabs) बदलना
- ✓ D. करंट विंडो या एप्लिकेशन को बंद करना

Q.85 निम्नलिखित अक्षर, संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएँ केवल एक अंक वाली संख्याएँ हैं)

(बाएँ) E % Y & T 2 K 4 # 5 C * 6 S D $ 3 7 R @ G (दाएँ)

यदि श्रृंखला से सभी संख्याएँ हटा दी जाएँ, तो निम्नलिखित में से कौन-सा दाएँ से सातवाँ होगा?

Ans
- ✗ A. S
- ✓ B. *
- ✗ C. C
- ✗ D. K

Q.86 तीन दोस्तों X, Y और Z ने 9 : 4 : 8 के अनुपात में निवेश करके एक व्यवसाय शुरू किया। 6 माह बाद, X ने अपनी पूंजी का आधा हिस्सा निकाल लिया। यदि Z द्वारा निवेश की गई राशि ₹23,000 है, तो ₹33,000 के कुल वार्षिक लाभ में से X और Y के बीच लाभ का अंतर क्या है?

Ans
- ✗ A. ₹3880
- ✓ B. ₹4840
- ✗ C. ₹4660
- ✗ D. ₹5845

Adda247

Q.87 X, Y, Z, S, T और U एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है।
T और Y के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। केवल S, U के ऊपर रहता है। Z किसी सम क्रमांक वाले तल पर रहता है। T सबसे निचले तल पर रहता है। X और T के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
- ✗ A. दो
- ✓ B. एक
- ✗ C. तीन
- ✗ D. चार

Q.88 एक कंप्यूटर एक सेकंड के कुछ अंश में मिलियन गणनाएं करता है। यहां मुख्यत: कौन-सी विशेषता प्रदर्शित होती है?

Ans
- ✓ A. स्पीड (Speed)
- ✗ B. स्टोरेज (Storage)
- ✗ C. एक्यूरेसी (Accuracy)
- ✗ D. वर्सेटैलिटी (Versatility)

Q.89 किसी वस्तु के 48 पीस का विक्रय मूल्य उसके x पीस के क्रय मूल्य के बराबर है। यदि लाभ 25% है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 40
- ✗ B. 70
- ✓ C. 60
- ✗ D. 50

Q.90 दिए गए अनुपातों में से कौन-सा अनुपात, सबसे बड़ा है?

3 : 17, 13 : 67, 10 : 37 और 5 : 9

Ans
- ✗ A. 10 : 37
- ✗ B. 3 : 17
- ✗ C. 13 : 67
- ✓ D. 5 : 9

Q.91 नीचे दिए गए आंकड़ो का बहुलक ज्ञात कीजिए। [अपना उत्तर 2 दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।]

| आयु, वर्ष में | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 | 60-70 | 70-80 | 80-90 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रोगियों की संख्या | 31 | 29 | 33 | 28 | 39 | 10 | 18 |

Ans
- ✓ A. 62.75
- ✗ B. 64.75
- ✗ C. 61.75
- ✗ D. 65.75

Q.92 भारतीय संविधान का 52वां संशोधन अधिनियम, जिसके अंतर्गत निर्वाचित प्रतिनिधियों को राजनीतिक दल बदलने से रोकने के लिए दल-बदल विरोधी कानून लागू किया गया था, किस वर्ष पारित हुआ था?

Ans
- ✗ A. 1980
- ✗ B. 1990
- ✗ C. 1975
- ✓ D. 1985

Adda247

Q.93 नवंबर 2025 में आयोजित इमर्जिंग साइंस, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन कॉन्क्लेव (ESTIC) की थीम क्या थी?

Ans
- ✔ A. समावेशी विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी
- ✘ B. बेहतर भविष्य के लिए उभरती प्रौद्योगिकियां
- ✘ C. सतत विकास के लिए नवाचार
- ✘ D. विकसित भारत 2047 के लिए कल्पना करें, नवप्रवर्तन करें और प्रेरित करें

Q.94 निम्नलिखित अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) M K L $ F % G & # @ S ! S + ? K > H V G (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी अक्षरों को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा दाईं ओर से सातवाँ होगा?

Ans
- ✘ A. +
- ✘ B. #
- ✔ C. &
- ✘ D. @

Q.95 खाद्य सुरक्षा और संधारणीयता पर केंद्रित 7वें फ्यूचर फूड फोरम 2025 (Future Food Forum 2025) की मेजबानी किस शहर ने की?

Ans
- ✘ A. सिंगापुर
- ✘ B. रियाद
- ✔ C. दुबई
- ✘ D. नई दिल्ली

Q.96 जीन के विभिन्न रूपों को क्या कहा जाता है?

Ans
- ✘ A. जीनोटाइप
- ✔ B. युग्म विकल्पी (अलील)
- ✘ C. फीनोटाइप
- ✘ D. गुणसूत्र

Q.97 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों। आपको यह निर्धारित करना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।
कथन: कुछ झील, महासागर हैं। सभी ग्रह, महासागर हैं। सभी झील, सड़क हैं।
निष्कर्ष (I): कुछ महासागर, सड़क हैं।
निष्कर्ष (II): कुछ ग्रह, झील हैं।

Ans
- ✘ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
- ✘ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✘ C. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं
- ✔ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

Q.98 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

25 ÷ 2 + 12 × 4 – 7 = ? + 13

Ans
- ✘ A. 64
- ✘ B. 65
- ✘ C. 66
- ✔ D. 67

Q.99 A को दिया जाने वाला वह अधिकतम मान क्या है जिससे 8-अंकों वाली संख्या 230A7807, संख्या 3 से विभाज्य हो जाए?

Ans
- ✗ A. 5
- ✗ B. 7
- ✓ C. 9
- ✗ D. 4

Q.100 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है'
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'
A # B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'G # P – L # C + D' है, तो G का D से क्या संबंध है?

Ans
- ✓ A. भाई की पुत्री
- ✗ B. पुत्र की पुत्री
- ✗ C. पिता की बहन
- ✗ D. पिता की माता

"